# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग


# सामान्य अध्ययन

## मुख्य परीक्षा-2016 (द्वितीय प्रश्न-पत्र)

**समय : 2 घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

1. यदि पाँच पूर्णांकों का योग 146 हो, तो उनमें सबसे बड़ी संख्या का न्यूनतम मान है
   (a) 27 (b) 35
   (c) 30 (d) 29

2. निम्नलिखित में तीन अक्षरों के किस समूह को जोड़ने से सार्थक शब्द बन जाते हैं?




   (a) OCK (b) IND
   (c) AST (d) UFF

3. यदि 9 - 3 = 12, 8 - 3 = 10 और 7 - 3 = 8 हो तो 6 - 4 बराबर है
   (a) 4 (b) 5
   (c) 6 (d) 3

4. निम्नलिखित में (?) के स्थान पर कौन-सा अक्षर आएगा?
   D, F, I, M, ?, X
   (a) S (b) T
   (c) Q (d) R

5. एक छात्र को प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक मिलता है और प्रत्येक गलत उत्तर पर 1/3 अंक की कटौती होती है। यदि 108 प्रश्नों पर उस छात्र को कुल शून्य अंक मिले हों तो उसने कुल कितने प्रश्नों के गलत उत्तर दिए थे?
   (a) 30 (b) 81
   (c) 54 (d) 57

6. एक लड़के को कहा गया कि वह एक संख्या के आधे को 7 से तथा दूसरे को 9 से भाग करें। समय बचाने के लिए उसने संख्या को 1/2(7+9) से भाग कर दिया और उत्तर से 1 अंक कम प्राप्त किया। संख्या थी-
   (a) 504 (b) 1008
   (c) 2016 (d) 4032

7. किसी कक्षा के 30 लड़कों की औसत आयु 15.2 वर्ष हैं। यदि 15 और लड़के उस कक्षा में प्रवेश ले लेते है तो कक्षा की औसत आयु आधा वर्ष कम हो जाती है। नए आने वालों की औसत आयु है।
   (a) 13.0 वर्ष (b) 12.3 वर्ष
   (c) 13.7 वर्ष (d) 14.0 वर्ष

8. एक बंदर किसी फिसलनदार 12 मीटर ऊँचे खम्भे पर चढ़ता है। वह 1 मिनट में 1 मीटर चढ़ता है तथा अगले मिनट में 1/2 मीटर फिसल जाता है। वह चोटी पर पहुँचेगा।
   (a) 45 मिनट में (b) 48 मिनट में
   (c) 46 मिनट में (d) 44 मिनट में

9- A और B एक काम को 12 दिनों में, B और C 15 दिनों में तथा A और C उसे 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तो केवल C उसे पूरा कर सकेगा
   (a) 20 दिनों में (b) 40 दिनों में
   (c) 80 दिनों में (d) 60 दिनों में

10. निम्नलिखित संख्याओं में से कौन संख्याओं के समूह 167, 842, 950, 185, 716 में आ सकती है?
   (a) 142 (b) 563
   (c) 945 (d) 457

11. अक्षरों के निम्नलिखित समूहों में से कौन समतल दर्पण में वैसा ही दिखाई देगा?
   (a) VOAMAOV (b) AHIMOST
   (c) HVRTRVH (d) YVMOVMY

12. एक गाँव में 30% परिवार गरीबी रेखा के नीचे के हैं तथा शेष गरीबी रेखा के ऊपर हैं। जो परिवार गरीबी रेखा के नीचे के हैं उनके सदस्यों की औसत संख्या 6 है, जबकि जो गरीबी रेखा के ऊपर के है उनके सदस्यों की औसत संख्या 5 हैं। यदि यह मान लिया जाए कि गरीबी रेखा के नीचे वाले परिवारों के सभी सदस्य वस्तुतः वैसे ही है तो गरीबी रेखा के नीचे लगभग कितने प्रतिशत लोग हैं?
   (a) 30% (b) 34%
   (c) 50% (d) 20%

13. यदि आयु पूर्ण वर्षों में लिखी जाती हो, तो उस बच्चे की, जिसकी आयु 4 वर्ष 10 माह है, आयु लिखी जाएगी
   (a) 4 वर्ष (b) 5 वर्ष
   (c) 4.10 वर्ष (d) 4.5 वर्ष

14. A तथा B के बीच चौबीस टॉफी इस प्रकार बाँटी जानी हैं कि A की सात गुना तथा B की 5 गुना टॉफी मिलाकर 146 हों। तो A कितनी टॉफी पाता है?
   (a) 10 टॉफी (b) 11 टॉफी
   (c) 13 टॉफी (d) 12 टॉफी

15. श्रेणी 1, 3, 5, 7, ......... 19 का माध्य होगा
   (a) 9   (b) 9.5
   (c) 10.5   (d) 10

16. माना कि औसत तापमान सेण्टीग्रेट (C) तथा फारेनहाईट (F) हों $\overline{C}$ तथा $\overline{F}$ । यदि C तथा F का संबंध $F=\frac{9}{5}C+32$ हो, तो $\overline{C}$ तथा $\overline{F}$ का संबंध होगा–
   (a) $\overline{F}=\frac{9}{5}\overline{C}+32$   (b) $\overline{F}=\overline{C}+32$
   (c) $\overline{F}=\frac{9}{5}\overline{C}$   (d) $\overline{F}=\frac{9}{5}\overline{C}-32$

17. एक कक्षा में 100 छात्र हैं। इनमें से 70 छात्र हिन्दी पढ़ते हैं, जबकि 60 छात्र अंग्रेजी पढ़ते हैं। 20 छात्र न तो हिन्दी पढ़ते हैं न अंग्रेजी। कितने छात्र अंग्रेजी और हिन्दी दोनों पढ़ते हैं?
   (a) 50   (b) 10
   (c) 20   (d) 30

18. स्थिर माँग के साथ आपूर्ति में वृद्धि से पदार्थों की कीमत की संभावना सामान्यता: होगी
   (a) स्थिर रहने की
   (b) बढ़ने की
   (c) घटने की
   (d) कोई निश्चित प्रतिरूप नहीं कहा जा सकता

19. माना कि प्रेक्षण हैं 4, 8, 16 तो हरात्मक माध्य है
   (a) 9.333   (b) 8.555
   (c) 8.00   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. एक संख्या के 10%, 25%, 50%, और 75% का माध्य 24 है, तो संख्या होगी
   (a) 50   (b) 70
   (c) 80   (d) 60

21. विभिन्न प्रकार की परिवार नियोजन विधियों के प्रयोग करने वाले दम्पत्तियों की संख्या का प्रदत्त दिया हुआ है। इन्हें एक चार्ट द्वारा प्रदर्शित करना है। कौन-सा चार्ट उपयुक्त होगा?
   (a) पाई चार्ट   (b) रेखाचित्र
   (c) बहुदण्ड चार्ट   (d) आयत चित्र

22. किसी छोटे शहर में जिसकी जनसंख्या 3600 है, उसमें बच्चों, वयस्कों एवं वृद्धों की संख्या क्रमश: है 1000, 2250 X, तो वृत्त चित्र में वयस्क और वृद्धों के कोण क्रमश: होंगे
   (a) $100^0$, $225^0$   (b) $225^0$, $35^0$
   (c) $225^0$, $100^0$   (d) $100^0$, $100^0$

23. विभिन्न मदों पर खर्च का प्रतिशत दिया गया है। लाग भोजन पर 55% खर्च करते है। यदि प्रदत्तों को वृत्त चित्र में दर्शाया जाना हो तो, भोजन का कोण क्या होगा?
   (a) $198^0$   (b) $55^0$
   (c) $110^0$   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. निम्नांकित सारणी व्यक्तियों का वर्गीकरण उनकी साक्षरता एवं लिंग के अनुसार दर्शाती है

| लिंग/साक्षरता | साक्षर | निरक्षर |
|---|---|---|
| पुरूष | 320 | 180 |
| महिला | 200 | 300 |

महिलाओं में साक्षरता का प्रतिशत कितना है?
   (a) 50%
   (b) 42%
   (c) 40%
   (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

25. निम्नांकित सारणी में परिवारों का बंटन व्यक्तियों की संख्या के अनुसार दर्शाया गया है–


| व्यक्तियों की संख्या | परिवारों की संख्या |
|---|---|
| 1 | 5 |
| 2-3 | 35 |
| 4-6 | 60 |
| 7-9 | 30 |
| 10 और अधिक | 20 |

उन परिवारों का प्रतिशत क्या है जिनमें 3 से अधिक और 7 से कम लोग हैं?
   (a) 40%
   (b) 60%
   (c) 30%
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. एक संस्था में 15% सीट अनुसूचित जाति के लिए, 7.5% अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित थीं। शेष सीट अनारक्षित थीं। बाद में 27% सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए इस शर्त के साथ आरक्षित की गई कि अनारक्षित सीटों की संख्या उतनी ही रहेगी जितनी ओबीसी के लिए अनारक्षित से पूर्व थी। इस शर्त को पूरा करने के लिए कितनी प्रतिशत सीट की वृद्धि करनी होगी?
   (a) 27%   (b) 77.5%
   (c) 80%   (d) 54%

27. 1, 2, 4, 8, 16 का ज्यामितीय माध्य है
   (a) 0   (b) 4
   (c) 6   (d) 8

28. किसी गृहस्थी में विभिन्न मदों पर हुआ व्यय नीचे वृत चित्र में दर्शाया गया है




A मद पर व्यय का प्रतिशत है
   (a) 250/9
   (b) 125/6
   (c) 125/9
   (d) 30

29. सारणी में

| AK | CF | DH | LN | OR |
|---|---|---|---|---|
| 11 | 8 | 11 | 25 | x |

x का मान है
   (a) 25
   (b) 17
   (c) 32
   (d) 28

30. निम्नलिखित सारणी में

| प्राप्तांक | 1-10 | 11-20 | 21-30 | 31-40 | 41-50 | 51-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 2 | 4 | 6 | 3 | 3 | 2 |

10 से अधिक तथा 40 से कम प्राप्तांक वाले छात्रों का प्रतिशत है
(a) 15 (b) 65
(c) 69 (d) 74

31. तीन संख्याओं का हरात्मक माध्य 18 है। यदि दो संख्याएँ 12 व 36 हैं, तो तीसरी संख्या होगी
(a) 20 (b) 24
(c) 14 (d) 18

32. यदि पाँच संख्याओं का माध्य 8 है और अंतिम तीन संख्याओं का माध्य 6 है, पहली 2 संख्याओं का माध्य है
(a) 11 (b) 10
(c) 9 (d) 7

33. यदि A, B, C, D, E का माध्य 100 तथा B, C, D, E, F का माध्य 120 और A + F = 100 हो, तो A, B, C, D, E, F का माध्य है-
(a) 105 (b) 100
(c) 110 (d) 120

34. एक कक्षा में 60% छात्र लड़के तथा 40% लड़कियाँ हैं। एक परीक्षा में सभी छात्रों के प्राप्तांक का माध्य 50 तथा लड़को का माध्य 42 है, तो लड़कियों के द्वारा प्राप्त अंकों का माध्य होगा
(a) 58 (b) 60
(c) 62 (d) 64

35. एक वृत्त चित्र कम्पनी A, B तथा C का लाभ दर्शाता है। यदि तीनों कम्पनियों का कुल लाभ ₹ 720 लाख हो तथा वृत्त चित्र में कम्पनी A का कोण $120^0$ हो, तो A का लाभ (लाख रूपयों में) होगा
(a) 240 (b) 120
(c) 320 (d) 360

36. 5, 1, 2, 8, 9, 7, 16 की माध्यिका होगी
(a) 5 (b) 6.5
(c) 8.5 (d) 7

37. निम्नलिखित सारणी चार नगरों का क्षेत्रफल (हजार वर्ग किमी में) तथा जनसंख्या (दस लाख में) दर्शाती है-

| नगर | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| क्षेत्रफल | 125 | 140 | 180 | 200 |
| जनसंख्या | 25 | 40 | 60 | 50 |

अधिकतम जनसंख्या घनत्व वाला नगर है
(a) A (b) C
(c) B (d) D

38. यदि चर लम्बाई संेटीमीटर में हो, तो मानक विचलन की इकाई होगी
(a) संेटीमीटर (b) $(\text{संेटीमीटर})^2$
(c) $(\text{सेण्टीमीटर})^{-1}$ (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

39. प्रेक्षण
0, 1, 6, 7, 2, 3, 7, 6, 6, 2, 6, 0, 5, 6, 0 का बहुलक होगा
(a) 3.8 (b) 5
(c) 6 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

40. एक शुद्ध सिक्का तीन बार उछाला जाता है तो ठीक 2 पट आने की प्रायिकता होगी
(a) 1/8 (b) 2/8
(c) 3/8 (d) 4/8

41. चतुर्थांक तथा दशांक बारंबारता योग को ($K_1, K_2$) बराबर हिस्सों में बाँटते हैं। ($K_1, K_2$) होंगे
(a) (4, 10)
(b) (3, 9)
(c) (3, 11)
(d) (4, 9)

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-
**कथन (A) :** सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों के समान आधार निर्मित करने के उद्देश्य से राज्य असमान लोगों के लिए भिन्न व्यवहार कर सकता है।
**कारण (R) :** समान लोगों में विधि समान होगी और समान रूप से प्रशासित की जाएगी।
उपर्युक्त के संदर्भ में सही उत्तर चुनिए-
(a) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(b) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।
(c) (A) और (R) दोनों सही है, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
(d) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।

43. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा अनुच्छेद 19(1) (C) में 'सहकारी समितियाँ' शब्द जोड़ा गया?
(a) 42वां संशोधन अधिनियम, 1976
(b) 73वां संशोधन अधिनियम, 1993
(c) 97वां संशोधन अधिनियम, 2011
(d) 36वां संशोधन अधिनियम, 1975

44. जब एक ही व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जाता है, तो उस राज्यपाल को संदेय उपलब्धियाँ और भत्ते होंगे
(a) राज्यपाल की व्यक्त इच्छानुसार
(b) राष्ट्रपति के निर्णयानुसार
(c) गृह मंत्रालय के निर्णयानुसार
(d) इसे उन राज्यों के बीच ऐसे अनुपात में आबंटित किया जाएगा जैसा राष्ट्रपति आदेश द्वारा अवधारित करें।

45. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय करारों को प्रभावी करने के लिए राज्य सूची के किसी विषय पर संसद को कानून बनाने की शक्ति हैं?
   (a) अनुच्छेद-253   (b) अनुच्छेद-241
   (c) अनुच्छेद-250   (d) अनुच्छेद-254

46. कोई विधेयक जिसमें केवल व्यय अन्तर्वलित है और अनुच्छेद 110 में विनिर्दिष्ट कोई विषय उसमें सम्मिलित नहीं है, उसे
   (a) केवल लोक सभा में प्रारम्भ किया जा सकता है
   (b) संसद के किसी भी सदन में प्रारम्भ किया जा सकता है
   (c) केवल राज्य सभा में प्रारम्भ किया जा सकता है
   (d) केवल संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में प्रारम्भ किया जा सकता है

47. भारत के संविधान के वे अनुच्छेद जो जम्मू-कश्मीर राज्य में स्वयमेव लागू होते हैं, वे हैं
   (a) अनुच्छेद-1 एवं 241
   (b) अनुच्छेद-2 एवं 356
   (c) अनुच्छेद-1 एवं 370
   (d) अनुच्छेद-370 एवं 371A

48. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए अपना सही उत्तर चुनिए-

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | विधानतः नए राज्य को शामिल करना | 1. | अनुच्छेद-14 |
| (b) | समता का अधिकार | 2. | अनुच्छेद-2 |
| (c) | गिरफ्तारी और निरोध के संरक्षण | 3. | अनुच्छेद-111 |
| (d) | राष्ट्रपति का विधेयक को अनुमति देने का अधिकार | 4. | अनुच्छेद- 22 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

49. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति के चुनाव प्रकरण के लिए सही नहीं है?
   (a) पदस्थ राष्ट्रपति की पदावधि से पूर्व उत्तराधिकारी का चुनाव अवश्य हो जाना चाहिए।
   (b) राष्ट्रपति अपना पदभार ग्रहण करने की तिथि से पाँच वर्ष तक पद पर रहेंगे।
   (c) राष्ट्रपति का उत्तराधिकारी आने तक कार्यकाल की समाप्ति पर भी वह पद पर बना रहेगा।
   (d) निर्वाचक मण्डल के अपूर्ण होने के आधार पर राष्ट्रपति का चुनाव स्थगित किया जा सकता है।

50. भारत के सर्वोच्च न्यायालय का परामर्शदात्री अधिकार से प्रयुक्त होता है कि वह
   (a) सार्वजनिक महत्व के कानूनी या तथ्यात्मक मामलों में राष्ट्रपति को परामर्श दे सकता है।
   (b) सभी संवैधानिक मामालों में भारत सरकार को परामर्श दे सकता है।
   (c) विधिक मामलों में प्रधानमंत्री को परामर्श दे सकता है।
   (d) उपर्युक्त सभी व्यक्तियों को परामर्श दे सकता है।

51. यदि उपाध्यक्ष लोक सभा की अध्यक्षता कर रहे हों तो उन्हें एक अधिकार प्राप्त है कि वह
   (a) लोकसभा के विचार-विमर्श में भाग ले सकते हैं।
   (b) सदस्य के रूप में सदन के समक्ष किसी प्रस्ताव पर मतदान कर सकते हैं।
   (c) मत-बराबरी की अवस्था में मतदान कर सकते हैं।
   (d) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में संसद की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करने का अधिकार नहीं रखते हैं।

52. पदासीन राष्ट्रपति की पदावधि की समाप्ति से भिन्न किसी कारण से उत्पन्न होने वाली रिक्ति की दशा में रिक्ति भरने के लिए निर्वाचन अवश्य हो जाना चाहिए
   (a) रिक्ति होने की तिथि से छह माह के भीतर
   (b) रिक्ति की तिथि से एक वर्ष बाद
   (c) रिक्ति की तिथि से नौ माह बाद
   (d) रिक्ति की तिथि से सात माह बाद

53. निम्नलिखित में से भारत के संविधान में उल्लिखित भाषाओं के बारे में क्या सही है?
   (a) राज्य भाषायी अलपसंख्यकों को प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा के माध्यम के रूप में उनकी मातृभाषा चुनने के लिए बाध्य कर सकता है।
   (b) अंगिका अब संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित है।
   (c) हिन्दी भारत की राष्ट्रीय भाषा है।
   (d) बोडो संविधान की 8वीं अनुसूची में स्वीकृत भाषा है।

54. भारत के संविधान की उद्देशिका में कितने प्रकार के न्याय की व्यवस्था की गई है?
   (a) दो   (b) तीन
   (c) एक   (d) चार

**55.** **कथन (A) :** राज्य छह से चौदह वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा।

**कारण (R) :** एक प्रजातांत्रिक समाज में शिक्षा का अधिकार मानवाधिकार के रूप में विकास के अधिकार की व्याख्या के लिए अपरिहार्य है।

उपर्युक्त के संदर्भ में सही उत्तर चुनिए-
   (a) (A) और (R) दोनों सही है, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
   (b) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
   (c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
   (d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

56. नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2015 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन भारतीय कार्डधारक प्रवासी नागरिक के रूप में पंजीकृत होने के लिए अर्ह नहीं है?
(a) एक अवयस्क बच्चा जिसके अभिभावक भारतीय नागरिक है।
(b) भारतीय नागरिक की विदेशी मूल की पत्नी।
(c) वे भारतीय जो विभाजन के उपरान्त पाकिस्तान प्रवासी हो गए।
(d) एक व्यक्ति का परपोता/परपोती जो दूसरे देश का नागरिक है, किन्तु जिसके पितामह/पितामही मातामह/मातामही संविधान लागू होने के समय भारतीय नागरिक थे।

57. संविधान के निम्नलिखित संशोधनों में से किसके अन्तर्गत भारत में महिलाओं के लिए ग्राम पंचायतों में 30% स्थान आरक्षित किया गया है?
(a) 70वें संशोधन के अन्तर्गत
(b) 71वें संशोधन के अन्तर्गत
(c) 73वें संशोधन के अन्तर्गत
(d) 74वें संशोधन के अन्तर्गत

58. निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं हैं?
(a) राष्ट्रपति या राज्यपाल को शासकीय कार्यों के लिए विधिक कार्यवाही से उन्मुक्ति है।
(b) कोई न्यायालय राज्यपाल को किसी कर्त्तव्य पालन के लिए विवश नहीं कर सकता।
(c) एक राज्यपाल को व्यक्तिगत कार्यों हेतु सिविल कार्यवाही लाने के लिए दो माह की लिखित सूचना अवश्य देनी होगी।
(d) मंत्रियों द्वारा राष्ट्रपति या राज्यपाल को दिए गए सलाह को जाँचने के लिए न्यायालय अधिकृत हैं।

59. भारतीय संविधान की छठीं अनुसूची निम्नलिखित में से किन राज्यों में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है?
(a) बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा
(b) मेघालय, त्रिपुरा तथा मिजोरम
(c) उत्तराखण्ड, मणिपुर, झारखण्ड
(d) नागालैण्ड, अरूणाचल, त्रिपुरा

60. निम्नलिखित में से किस राज्य से लोक सभा के दो सदस्य निर्वाचित किए जाते हैं?
(a) त्रिपुरा से (b) मिजोरम से
(c) नागालैण्ड से (d) सिक्किम से

61. भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पद समकक्ष होता है
(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश के
(b) किसी राज्य के राज्यपाल के
(c) लोकसभाध्यक्ष के
(d) राज्य विधान-सभाध्यक्ष के

62. भारत में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करने का आधार निम्नलिखित में से कौन नहीं हैं?
(a) युद्ध
(b) बाह्य आक्रमण
(c) आन्तरिक शान्ति को खतरा
(d) सशस्त्र विद्रोह

63. प्राक्कलन समिति के सदस्यों का कार्यकाल होता है
(a) दो वर्ष का
(b) एक वर्ष का
(c) तीन वर्ष का
(d) चार वर्ष का

64. भारत के संविधान में ''समवर्ती सूची'' की अवधारणा ग्रहण की गई है
(a) ग्रेट ब्रिटेन के संविधान से
(b) यूएसए के संविधान से
(c) कनाडा के संविधान से
(d) ऑस्ट्रेलिया के संविधान से

65. निम्नलिखित में से कौन एक राज्य के विधान मण्डल के किसी सदस्य के निरर्हता से सम्बन्धित किसी प्रश्न का विनिश्चय करने हेतु अंतिम सत्ता है?
(a) राज्यपाल (b) विधान सभा का अध्यक्ष
(c) मुख्यमंत्री (d) उच्च न्यायालय

66. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत भारत के राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्रदत्त है?
(a) अनुच्छेद-360 (b) अनुच्छेद-123
(c) अनुच्छेद-200 (d) अनुच्छेद-356

67. पंचायती राज सम्मिलित किया गया है
(a) संघ सूची में (b) राज्य सूची में
(c) समवर्ती सूची में (d) अवशिष्ट सूची में

68. निम्नलिखित में से भारत में एक उच्च न्यायालय के बारे में क्या सही नहीं है?
(a) द्वितीय अपील उच्च न्यायालय के अपीलीय क्षेत्राधिकार में है।
(b) उच्च न्यायालय के प्रत्येक न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।
(c) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राज्यपाल करता है।
(d) उच्च न्यायालय 'लोकहित-वाद' से संबंधित आवेदन स्वीकार कर सकता है।

69. भारत में राष्ट्रीय विकास परिषद कब गठित की गई थी?
(a) 26 जनवरी, 1950 को
(b) 2 अक्टूबर, 1950 को
(c) 6 अगस्त, 1951 को
(d) 6 अगस्त, 1952 को

70. भारतीय संविधान में ''स्वतंत्रता का अधिकार'' चार अनुच्छेदों द्वारा प्रदान किया गया है जो है
(a) अनुच्छेद-19 से अनुच्छेद-22 तक
(b) अनुच्छेद-16 से अनुच्छेद-19 तक
(c) अनुच्छेद-17 से अनुच्छेद-20 तक
(d) अनुच्छेद-18 से अनुच्छेद-21 तक

71. भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसका व्यवहार में क्रियान्वयन कभी नहीं हुआ है?
(a) अनुच्छेद-60 का (b) अनुच्छेद-360 का
(c) अनुच्छेद-352 का (d) अनुच्छेद-356 का

72. सूची-। को सूची-॥ के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए अपना सही उत्तर चुनिए-

| | **सूची-।** | | **सूची-॥** |
|---|---|---|---|
| (a) | सर्वाधिक शहरी राज्य | 1. | दिल्ली |
| (b) | अधिकतम शहरी आबादी वाला राज्य | 2. | अरूणाचल प्रदेश |
| (c) | अधिकतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य | 3. | महाराष्ट्र |
| (d) | न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य | 4. | तमिलनाडु |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

73. स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2015 के अनुसार निम्नलिखित शहरों में से कौन भारत का सर्वाधिक स्वच्छ शहर है?
(a) बेंगलुरू (b) पुणे
(c) मैसूर (d) कोच्चि

74. ''प्रारम्भ के स्टार्ट-अप की विशेष जरूरतों को पूरा करने के लिए नए युग के वित्तीय विकल्पों'' हेतु सलाह दी है
(a) प्रणब मुखर्जी ने (b) नरेंद्र मोदी ने
(c) अरूण जेटली ने (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. 'हरित खेती' में सन्निहित है
(a) जैविक खेती एवं बागवानी पर जोर
(b) बागवानी तथा पुष्पकृषि पर ध्यान केंद्रित करते समय कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों से बचाव
(c) समेकित कीट प्रबंधन, समेकित पोषक पदार्थ आपूर्ति एवं समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन
(d) खाद्य फसलों, बागवानी एवं पुष्पकृषि स्तर

76. किस रेल खण्ड पर प्रथम सीएनजी ट्रेन शुरू की गई?
(a) दिल्ली-आगरा खण्ड पर
(b) रोहतक-चण्डीगढ़ खण्ड पर
(c) दिल्ली-चण्डीगढ़ खण्ड पर
(d) रेवाड़ी-रोहतक खण्ड पर

77. निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा राज्य ऐसा पहला राज्य बना जहाँ पीपीपी मॉडल पर रेल ट्रैक बनाया गया?
(a) केरल (b) गुजरात
(c) कर्नाटक (d) महाराष्ट्र

78. एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र स्थापित किया गया है
(a) गांधीनगर में (b) मुम्बई में
(c) अहमदाबाद में (d) बेंगलुरू में

79. राष्ट्रीय बागवानी मिशन कब प्रारम्भ किया गया?
(a) मई, 2004 में (b) मई, 2006 में
(c) मई, 2007 में (d) मई, 2005 में

80. भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा छोटे व्यापारियों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा ऑन-लाइन पोर्टल प्रारम्भ किया गया है?
(a) इ-ट्रेडर्स (b) इ-लाला
(c) इ-अर्बन (d) इ-अर्बन-डेब

81. भारत की अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित घटनाओं में से कौन सर्वप्रथम घटित हुई?
(a) बीमा कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण
(b) भारतीय स्टेट बैंक का राष्ट्रीयकरण
(c) बैंकिंग नियंत्रण अधिनियम का नियमन
(d) प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ

82. न्यूनतम समर्थन मूल्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. यदि बाजार मूल्य ज्यादा है, तो किसान सरकार को बेचेंगे।
2. यह किसनों की पैदावार के लिए न्यूनतम निश्चित मूल्य सुनिश्चित करती है।
3. यह खाद्य सुरक्षा मिशन में सहायता प्रदान करती है।
4. यह किसानों के लिए अत्यन्त लाभदायक है, क्योंकि वे अपनी पैदावार पर ज्यादा बड़ा लाभ कमाते हैं।

इनमें से-
(a) 1, 2 और 4 सही हैं।
(b) 2, 3 और 4 सही हैं।
(c) 2 और 4 सही है।
(d) 2 और 3 सही हैं।

83. ''कौशल भारत मिशन'' के अनुसार मार्च, 2016 तक 76 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण मिल चुका है। इनमें से कितनों को नौकरी मिल चुकी है?
(a) 26 लाख को (b) 22 लाख को
(c) 28 लाख को (d) 30 लाख को

84. मई 1, 2016 को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रारम्भ की गई। उत्तर प्रदेश के किस जिले में प्रधानमंत्री द्वारा योजना प्रारम्भ की गई?
(a) वाराणसी (b) लखनऊ
(c) बलिया (d) गाजियाबाद

85. जनगणना-2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश में लिंगानुपात है
(a) 925 प्रति 1000 (b) 908 प्रति 1000
(c) 916 प्रति 1000 (d) 896 प्रति 1000

86. बैंक्स बोर्ड ब्यूरो के पहले अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(a) रूपा कुडवा (b) अनिल के. खण्डेलवाल
(c) एचएन सिनोर (d) विनोद राय

87. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 के लिए गेहूँ का समर्थन मूल्य कितना घोषित किया गया है?
(a) ₹ 1525 प्रति क्विंटल
(b) ₹ 1450 प्रति क्विंटल
(c) ₹ 1500 प्रति क्विंटल
(d) ₹ 1550 प्रति क्विंटल

88. नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है?
(a) मध्य प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) बिहार (d) गोवा

89. रेलवे बजट 2016-17 के अनुसार कौन-सा अनुसंधान संगठन रेलवे के अन्तर्गत स्थापित किया जाएगा?
(a) विश्लेषण (b) श्रेष्ठ
(c) अवतरण (d) नवरचना

90. जनगणना-2011 के अनुसार भारत के किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) पश्चिमी बंगाल
(c) गुजरात (d) बिहार

91. अटल शहरी पुनरूद्धार एवं परिवर्तन मिशन (अमृत) का संबंध किसके पुन: चमकाने से है?
(a) शहरी अवस्थापना से (b) शहरी स्वच्छता से
(c) शहरी स्वास्थ्य से (d) शहरी शिक्षा से

92. जनगणना-2011 के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में शिशु मृत्युदर न्यूनतम थी?
(a) तमिलनाडु (b) कर्नाटक
(c) केरल (d) पंजाब

93. भारत सरकार के निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने ''भारत को जानिए'' शीर्षक से एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तर कार्यक्रम प्रारम्भ किया है?
(a) विदेश मंत्रालय
(b) संस्कृति मंत्रालय
(c) मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(d) वाणिज्य मंत्रालय

94. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अनुसार उसे मध्यम उद्यम के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसकी निवेश राशि होती है
(a) ₹ 25 लाख से ₹ 5 करोड़
(b) ₹ 5 करोड़ से ₹ 10 करोड़
(c) ₹ 25 लाख से कम
(d) ₹ 10 करोड़ से अधिक

95. भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि सम्मिलित नहीं है?
(a) विनिर्माण (b) खनन
(c) विद्युत (d) निर्माण

96. भारत में एनएसएसओ द्वारा बेरोजगारों के आकलन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि प्रयुक्त नहीं की जा रही है?
(a) चालू मासिक प्रास्थिति
(b) चालू दैनिक प्रास्थिति
(c) चालू साप्ताहिक प्रास्थिति
(d) प्रायिक प्रधान प्रास्थिति

97. नियोजन की निम्नलिखित आवश्यकताओं पर विचार कीजिए। यह
1. संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए है।
2. विकास के लाभ को सम-आचरण द्वारा आगे बढ़ाने के लिए है।
3. क्षेत्रीय असंतुलन के दूरीकरण को प्रमुखता देने के लिए है।
4. उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए है।
इनमें से
(a) केवल 1 और 2 सही हैं।
(b) केवल 1, 2 और 3 सही हैं।
(c) केवल 2, 3 और 4 सही हैं।
(d) 1, 2, 3 और 4 सही हैं।

98. भारत का अधिकतम गेहूँ उत्पादक राज्य है
(a) हरियाणा (b) उत्तर प्रदेश
(c) पंजाब (d) बिहार

99. चल योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए। यह-
1. एक वर्ष के लिए योजना है।
2. 3, 4 या 5 वर्षों के लिए निर्धारित होती है।
3. अर्थव्यवस्था की आवश्यकतानुसार प्रति वर्ष संशोधित होती है।
4. 10, 15 अथवा 20 वर्षों के लिए भावी योजना है।
इनमें से-
(a) केवल 1 और 2 सही हैं।
(b) केवल 1 और 3 सही हैं।
(c) केवल 2 और 3 सही हैं।
(d) 1, 2, 3 और 4 सही हैं।

100. भारत में धीमी कृषि विकास गति के लिए निम्नलिखित में से कौन प्रभावी कारण है?
(a) ग्रामीण निर्धनता
(b) शहरी निर्धनता
(c) कुशल श्रमिक
(d) शहर से गाँवों की ओर पलायन

101. प्रमुख व्यूहरचना के रूप में निम्नलिखित पंचवर्षीय योजनाओं में से किसमें महिला अंश योजना प्रारम्भ की गई थी?
(a) 10वीं पंचवर्षीय योजना
(b) 11वीं पंचवर्षीय योजना
(c) 9वीं पंचवर्षीय योजना
(d) 12वीं पंचवर्षीय योजना

102. ''नॉक-नी-संलक्षण'' उत्पन्न होता है
(a) पारा के प्रदूषण द्वारा
(b) सीसा के प्रदूषण द्वारा
(c) संखिया के प्रदूषण द्वारा
(d) फ्लुओराइड के प्रदूषण द्वारा

103. काँसा मिश्रधातु है ताँबे और
(a) टिन की (b) एल्यूमिनियम की
(c) चाँदी की (d) निकल की

104. निम्नलिखित धातुओं में से कौन स्वतंत्र अवस्था में पाई जाती है?
(a) एल्युमिनियम (b) सोना
(c) क्रोमियम (d) जस्ता

105. लिपिड्स का पाचन निम्नलिखित में से कुछ की उपस्थिति में होता है-
1. पित्त अम्ल
2. लाइपेसेज
3. पेप्सिन
इनमें से
(a) केवल 1 सही है
(b) केवल 1 और 3 सही है
(c) केलव 1 और 2 सही है
(d) 1, 2 और 3 सही है

106. गैसोहॉल एक मिश्रण है
(a) गैसालिन और मेथेनॉल का
(b) गैसोलिन और एथेनॉल का
(c) गैसोलिन और प्रोपेनॉल का
(d) मैथेनॉल और एथेनॉल का

107. मेथेन उपस्थित है वायुमण्डल में
(a) चन्द्रमा के (b) सूर्य के
(c) मंगल के (d) बृहस्पति के

108. श्वसन में ऊर्जा उत्पादित होती है
(a) एडीपी के रूप में
(b) एटीपी के रूप में
(c) एनएडीपी के रूप में
(d) कार्बनडाईऑक्साइड के रूप में

109. विटामिन बी$_{12}$ में निम्नलिखित में से कौन सी धातु मौजूद है?
(a) कोबाल्ट (b) लौह
(c) जस्ता (d) मैग्नीशियम

110. अधोलिखित में से कौन जैव-अपघटनीय प्रदूषक है?
(a) सीवेज (b) एस्बेस्टस
(c) प्लास्टिक (d) पॉलीथीन

111. निम्नलिखित में से कौन जैव-अपघटनीय प्रदूषक है?
(a) सीवेज (b) एस्बेस्टस
(c) प्लास्टिक (d) पॉलीथीन

112. वनस्पति तेलों के हाइड्रोजनीकरण में निम्नलिखित में से किस उत्प्रेरक का उपयोग किया जाता है?
(a) जस्ता (b) प्लेटिनम
(c) निकल (d) लौह

113. निम्नलिखित में से कौन प्रोटीन को विकृत नहीं करता है?
(a) ऊष्मा (b) अवरक्त किरणें
(c) एक्स-किरणें (d) भारी धातु-लक्षण

114. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग कवक-जनित है?
(a) प्रत्यूर्जता (b) वर्णान्धता
(c) एड्स (d) गंजापन

115. समताप मण्डल में ओजोन के स्तर को प्राकृतिक रूप से विनियमित किया जाता है
(a) नाइट्रस ऑक्साइड द्वारा
(b) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड द्वारा
(c) सीएफसी द्वारा
(d) जलवाष्प द्वारा

116. कीटभक्षी पौधे जिस मृदा में उगते है उसमें कमी रहती है
(a) मैग्नीशियम की (b) कैल्सियम की
(c) नाइट्रोजन की (d) जल की

117. ''ब्लैक होल'' संबंधी प्रथम सूचना प्रस्तुत की गई थी-
(a) एस. चन्द्रशेखर द्वारा (b) हरमन बाण्डी द्वारा
(c) रदरफोर्ड द्वारा (d) कोपर्निकस द्वारा

118. साइटोट्रान ऐसा संयंत्र है जिससे उत्पन्न किया जाता है
(a) विद्युत ऊर्जा (b) कृत्रिम मौसम
(c) ध्वनि (d) पर्दे पर चित्र

119. निम्नलिखित में से कौन तीसरी पीढ़ी संगणक का मुख्य इलेक्ट्रॉनिक अवयव है?
(a) इलेक्ट्रॉनिक ट्यूब (b) ट्रांजिस्टर
(c) प्रकाशीय तंतु (d) समेकित परिपथ

120. निम्नलिखित में से कौन-सा रंग सोडियम क्रोमेट द्वारा आपूर्त होता है?
(a) नीला (b) लाल
(c) हरा (d) काला

121. निम्नलिखित ग्रह युग्मों में से कौन बिना उपग्रह के हैं?
(a) शुक्र एवं मंगल (b) बुध एवं मंगल
(c) पृथ्वी और बृहस्पति (d) बुध और शुक्र

122. निम्नलिखित संयंत्रों में से किसका उपयोग अत्यधिक उच्च ताप को मापने में किया जाता है?
(a) पायरोमीटर (b) फोटोमीटर
(c) फोनोमीटर (d) पैक्नोमीटर

123. संगणक सारक्षरता दिवस मनाया जाता है
(a) 16 अगस्त को (b) 2 दिसम्बर को
(c) 5 जून को (d) 24 अक्टूबर को

124. आरडीएक्स आविष्कृत हुआ
(a) एल्फ्रेड नोबेल द्वारा (b) सॉडी द्वारा
(c) बर्लीलियम द्वारा (d) हैनिंग द्वारा

125. डीएनए में मौजूद शर्करा होती है।
(a) ग्लूकोज (b) फ्रक्टोज
(c) डिऑक्सीराइबोस (d) राइबोस

126. अफीम का मुख्य अवयव है
(a) मार्फीन (b) हेरोईन
(c) ऐट्रोपिन (d) क्विनीन

127. भारत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है
(a) 5 जून को (b) 22 दिसम्बर को
(c) 28 फरवरी को (d) 30 जनवरी को

128. निम्नलिखित तत्वों में से कौन सर्वाधिक यौगिक निर्माण करता है?
(a) हाइड्रोजन (b) कार्बन
(c) नाइट्रोजन (d) ऑक्सीजन

129. निम्नलिखित में से कौन जीवाश्म ईंधन है?
(a) एल्कोहल (b) ईथर
(c) वाटर गैस (d) प्राकृतिक गैस


130. निम्नलिखित वैज्ञानिकों में से किसने ''नवीन सापेक्षता सिद्धात'' प्रतिपादित किया था?
(a) जेबी नार्लीकर (b) एमएम कृष्णन
(c) एस चंद्रशेखर (d) बीडी नाग चौधरी

131. निम्नलिखित तत्वों में से कौन जब वायु तथा अंधेरे में रखा जाता है, तो स्वत: दीप्त हो उठता है?
(a) लाल फॉस्फोरस
(b) श्वेत फॉस्फोरस
(c) सिन्दूरी फॉस्फोरस
(d) बैंगनी फॉस्फोरस

132. वह संख्या बताइए जो 12 से उतनी ही अधिक है जितनी वह उस संख्या से कम है जो 87 से 15 जितनी अधिक के एक तिहाई से कम है?
(a) 15 (b) 18
(c) 9 (d) 20


133. किसी हार में 154 मनके हैं और वे सभी लाल, नीले या हरे रंग मनकों से पाँच ज्यादा है। लाला मनके हरे मनकों से कितने अधिक है?
(a) 8 (b) 6
(c) 10 (d) 5

134. एक पासे की तीन भिन्न स्थितियाँ नीचे दिखाई गई हैं-



3 के विपरित अंक है
(a) 1 (b) 2
(c) 6 (d) 5

135. नीचे दिए गए चित्र में कितने वर्ग हैं?



(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9


136. यदि GIVE को 5137 से कूटित किया जाए और BAT को 924 से कूटित किया जाए, तो GATE का संकूट क्या होगा?

(a) 5427 (b) 5247
(c) 2547 (d) 3724

137. 11 से 50 बीच कितनी ऐसी संख्याएँ हैं जो 7 से पूर्णतया विभाज्य हैं किन्तु 3 से विभाज्य नहीं हैं?

(a) 4 (b) 2
(c) 5 (d) 6

138. नीचे दिए गए चित्र में कितने त्रिभुज हैं?



(a) 12 (b) 8
(c) 10 (d) 6

139. एक व्यक्ति ने तीन घण्टे यात्रा की। दूसरे घण्टे में वह 5 किमी चला। यह पहले घण्टे में चली गई दूरी से एक चौथाई अधिक है। तीसरे घण्टे में वह दूसरे घण्टे से 1/5 अधिक चला। तीन घण्टे में वह कुल चला

(a) 15 किमी (b) 13.8 किमी
(c) 20.4 किमी (d) 14.95 किमी

140. श्रेणी 2, 4, 7, 12, 19, ......, 43 में लुप्त संख्या है

(a) 28 (b) 29
(c) 32 (d) 30

141. निम्नलिखित सारणी में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| ? | 11 | 7 |
| 22 | 29 | 37 |

(a) 18 (b) 16
(c) 20 (d) 19

142. श्रेणी a a _ _ a _ bb _ a c c _ _ में लुप्त अक्षरों का सही क्रम है–

(a) c b a c c a b b (b) c c a c c a b b
(c) b b a c c a b b (d) c c a b a b b c

143. प्रथम 99 धनात्मक पूर्ण संख्याओं का औसत है

(a) 48 (b) 49
(c) 50 (d) 51

144. किसी खास कूट में SISTER को 212345 तथा ARC का 657 लिखा जाता है। उसी कूट में ARREST को कैसे लिखा जाए?

(a) 655423 (b) 655243
(c) 655324 (d) 677427

145. एक व्यक्ति ने दो कलम ₹ 65 में खरीदी। उसने उनमें से एक को 7% लाभ तथा दूसरे को 6% हानि पर बेच दिया और इस प्रकार उसे न तो कोई लाभ हुआ न हानि। कलमों का मूल्य क्रमशः था

(a) ₹ 35, ₹ 30 (b) ₹ 32, ₹ 33
(c) ₹ 33, ₹ 32 (d) ₹ 30, ₹ 35

146. निम्नलिखित भिन्नों में सबसे छोटी कौन-सी है?

$\frac{11}{17}, \frac{5}{7}, \frac{7}{12}, \frac{11}{15}, \frac{9}{13}$

(a) 5/7 (b) 7/12
(c) 9/13 (d) 11/17

147. यदि ${}^{P}_{S}\big|^{R}_{Q}$ का अर्थ हो $\frac{P+Q}{R-S}$ तो ${}^{18}_{7}\big|^{13}_{x} = 5,$ तो x का मान है–

(a) 30 (b) 22
(c) 15 (d) 12

148. निम्न आकृति में कुल आकृतियों की संख्या है




(a) 6 (b) 7
(c) 5 (d) 4

149. निम्नलिखित में खाली स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

6, 11, 21, ...., 81, 161

(a) 27 (b) 41
(c) 51 (d) 49

150. समकोण त्रिभुज ABC में AC का मध्यबिन्दु D है तो $\angle BCD = 40^0$, तो $\angle BDA$ बराबर है–




(a) $40^0$ (b) $90^0$
(c) $50^0$ (d) $80^0$